VARDHMAN NEWS
पढ़मं नाणं तओ दया
BEAWAR (RAJ.)

# वर्द्धमान News

Digital Edition शिक्षा का उजियारा

Digital Edition | ब्यावर, 30 जून 2025, सोमवार | Email : vardhmannewsbwr@gmail.com | मूल्य : निःशुल्क

# ब्यावर जिले में शिक्षा के क्षेत्र में सिरमौर श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति ने किया जिले की प्रतिभावान छात्राओं का सम्मान

## 10वीं बोर्ड की बेटियां हुई सम्मानित

वर्द्धमान न्यूज़

**ब्यावर।** श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति ब्यावर एवं दैनिक भास्कर मीडिया पार्टनर द्वारा 26 जून, गुरुवार को वर्द्धमान गर्ल्स कॉलेज के वातानुकूलित सभागार में ब्यावर जिले की 10वीं बोर्ड में इस साल 80% से अधिक अंक लाने वाली प्रतिभावान छात्राओं का भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति के अध्यक्ष एवं भामाशाह श्री सुनील जी खेतपालिया एवं कार्यक्रम के अध्यक्ष प्रमुख शिक्षाविद श्री मदन जी वैष्णव 'शकुन्त' का माला एवं उपरणा पहनाकर अभिनन्दन किया गया।

इस अवसर पर स्वागत उद्बोधन में मंत्री डॉ नरेंद्र पारख ने कहा कि समिति ऐसे कार्यक्रम आयोजित करके सामाजिक सरोकार के साथ क्षेत्र की प्रतिभावान छात्राओं को सम्मान देकर गौरवान्वित महसूस करती है।

उन्होंने समाचार पत्रों में दैनिक भास्कर अपनी विश्वसनीयता की वजह से देश का नम्बर वन और सम्पूर्ण विश्व में तीसरा स्थान रखता है। यह समूह समाचारों के साथ सामाजिक सरोकार निभाने में अपनी महत्ती भूमिका निभाता रहा है।

इससे पूर्व में भी जिले में कक्षा 12वीं की प्रतिभावान छात्राओं का भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया था दूसरी कड़ी में ब्यावर जिले की दूरदराज की शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र से कक्षा 10वीं में राजस्थान शिक्षा बोर्ड (आरबीएसई) एवं केंद्रीय शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) में 80 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाली प्रतिभावान छात्राओं को यह सम्मान प्रदान किया जा रहा है।

सतरंगी रोशनी से सजे मंच एवं डिजिटल एलईडी बड़ी स्क्रीन पर आकर्षक ग्राफिक्स आकर्षण के साथ वर्द्धमान वातानुकूलित सभागार में कार्यक्रम का शुभारंभ नवकार मंत्र के साथ हुआ उसके पश्चात गोठी स्कूल की छात्राओं ने स्वागत गीत पर सेमी क्लासिकल नृत्य, राजस्थानी घूमर एवं सामूहिक नृत्य की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में समस्त आगंतुक प्रतिभावान छात्राओं को अतिथियों के हाथों से मेडल पहनाकर एवं आकर्षक प्रमाण पत्र देकर अभिनन्दन किया गया। करतल ध्वनि के बीच समस्त छात्राएं यह सम्मान पाकर बड़ी प्रफुल्लित नजर आई।

कार्यक्रम में दैनिक भास्कर अजमेर संस्करण के यूनिट हेड गोपीचंद शर्मा, यूनिट सेटेलाइट हेड सुरेश कासलीवाल का माला एवं उपरणा पहनाकर अभिनन्दन किया गया। इस अवसर विज्ञापन प्रभारी जितेंद्र शर्मा ब्यावर ब्यूरो प्रभारी राजेश शर्मा, सायर अली, नवीन गर्ग, विनय शर्मा आदि मौजूद रहे।















कार्यक्रम में श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति के अध्यक्ष सुनील खेतपालिया, उपाध्यक्ष एम. गौतम चंद बोहरा मंत्री डॉ नरेंद्र पारख, सहमंत्री श्री सुनील कुमार ओस्तवाल, कोषाध्यक्ष श्री देवराज लोढा, प्रचार मंत्री श्री महेंद्र सिंह सांखला, प्रबन्धकारिणी सदस्य श्री किस्तूरचंद डोसी, श्री शांतिलाल नाबरिया, श्री प्रकाशचन्द गदिया, श्री प्रवीण कुमार खेतपालिया, श्री उत्तमचन्द देरासरिया, प्रिंस ओस्तवाल, वैभव सकलेचा, अतुल कांकरिया, धनपत श्री श्रीमाल उपस्थित रहे।

बेटी प्रतिभा सम्मान को लेकर ब्यावर शहर तथा जिले एवं निकटवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों की प्रतिभावान छात्राओं ने भारी उत्साह नजर आया इस अवसर पर आगंतुक छात्राओं एवं उनके अभिभावकों ने समिति द्वारा संचालित वर्द्धमान गर्ल्स कॉलेज परिसर का अवलोकन किया। जिले भर की ग्रामीण क्षेत्र से आई छात्राएं वर्द्धमान केम्पस देखकर आश्चर्य चकित रह गई कि यहां महानगरों जैसी आधुनिक सुविधाओं से युक्त परिसर में वातानुकूलित क्लास रूम, हाईटेक लाइब्रेरी, नई तकनीकी सुविधाओं वाली साइंस लेब, मॉर्डन होम साइंस लेब, बहुमंजिला बिल्डिंग में आने जाने हेतु लिफ्ट की सुविधा, हरियाली से आच्छादित परिसर है ऐसे वातावरण में यहां पढ़ाई करने वाली छात्राओं को निश्चित तौर पर उन्हें पढ़ाई के लिए एक अच्छा माहौल मिल सकेगा।

समिति द्वारा संचालित भंवरलाल गोठी पब्लिक सीनियर सेकंडरी स्कूल एवं श्री नृसिंह अग्रसेन जैन विद्यापीठ की शैक्षणिक गतिविधियों एवं यहां के पूर्व प्रतिभावान छात्र-छात्राओं के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम का संचालन ज्योति चौहान एवं अनुपमा दाधीच ने किया।

कार्यक्रम के अंत में गोठी स्कूल के प्राचार्य धर्मेंद्र शर्मा, उपाचार्य श्रीमती सुनीता चौधरी ने समस्त आगंतुक अतिथियों, प्रतिभावान छात्राओं एवं उनके अभिभावकों का आभार व्यक्त किया।

## मान-सम्मान पाकर हर्षाई बेटियां



कार्यक्रम में समस्त प्रतिभावान छात्राओं एवं कार्यक्रम के अतिथिगणों एवं समिति के पदाधिकारियों का यादगार सामूहिक छायाचित्र संकलित किया गया।

# अतिथिगणों का किया स्वागत-सत्कार









कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति के अध्यक्ष एवं भामाशाह श्री सुनील जी खेतपालिया एवं कार्यक्रम के अध्यक्ष प्रमुख शिक्षाविद श्री मदन जी वैष्णव 'शकुन्त' एवं दैनिक भास्कर अजमेर संस्करण के यूनिट हेड श्री गोपीचंद जी शर्मा, यूनिट सेटेलाइट हेड श्री सुरेश जी कासलीवाल का माला एवं उपरणा पहनाकर अभिनन्दन किया गया।

## परम सम्मानीय डॉ. पारख साहब

*जय जिनेन्द्र सादर वंदन*

भव्य समारोह के सफल आयोजन के लिए श्री वर्द्धमान परिवार को अनन्त हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई।

नैतिक मूल्यों के इस संक्रमणकाल में आज राष्ट्र को संस्कारित नागरिकों की महती आवश्यकता है। इस गुरुत्तर उत्तरदायित्व का निर्वहन श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति आपके कुशल नेतृत्व में जिस भांति कर रही है , वो सचमुच प्रशंसनीय है।

संस्कारयुक्त शिक्षा प्रदान करने वाले आपके शिक्षण संस्थानों को राष्ट्रीय स्तर पर भी अग्रणी संस्थान कहें तो इसमें कोई अतिशयोक्ति नहीं है।

श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति प्रबंधन , आज की युवा पीढ़ी को प्रेरणादायक गतिविधियों से जिस तरह पुष्पित पल्लवित कर रहा है , वो किसी राष्ट्र सेवा से हरगिज कमतर नहीं है।

आपका यह भागीरथ प्रयास सतत रूप से चलता रहे , यही मनोकामना है।

'प्रेम' की गति और शक्ति बड़ी विचित्र है।

जहां शस्त्र असहाय हो जाते हैं , वहां प्रेम की शक्ति प्रभावी होती है।

'प्रेम' की इस विपुल शक्ति की अनुभूति आपको हृदय की गहराइयों से हो चुकी है इसलिए इस शक्ति को आप प्रत्येक प्राणी के साथ साझा कर ईश्वर का आशीर्वाद सहज प्राप्त कर लेते हैं।

आपके असाधारण व्यक्तित्व को शब्दों में समेटने की धृष्टता कदापि कर नहीं सकूंगा। आपके पवित्र आदर्शों और संस्कारों को तथा मानव जीवन को सार्थक और सफल बनाने के आपके उच्चतम लक्ष्य को हृदय से नमन करता हूं।

मेरी अयोग्यताओं को भी दरकिनार करते हुए श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति , ब्यावर ने 'प्रतिभा सम्मान समारोह' में मुझे जो सम्मान दिया , उसके लिए अंतर्मन से आभारी हूं।

'देकर प्यार आपने मुझे अपना बना लिया ,
इक छोटे से चराग को सूरज बना दिया।'

*आपके स्नेह का सदैव आकांक्षी रहूंगा.....*



मदन वैष्णव 'शकुंत'

स्कैन करो... और अपनी फोटो प्राप्त करो...








# खचाखच भरा हॉल...

श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति ब्यावर द्वारा वर्द्धमान गर्ल्स कॉलेज के वातानुकूलित सभागार में आयोजित प्रतिभावान छात्राओं के सम्मान समारोह में आगंतुक अभिभावकों एवं बेटियों में खासा उत्साह नजर आया सभागार हॉल खचाखच भरा नजर आया।



# सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन...

सतरंगी रोशनी से सजे मंच एवं डिजिटल एलईडी बड़ी स्क्रीन पर आकर्षक ग्राफिक्स आकर्षण के साथ वर्द्धमान वातानुकूलित सभागार में कार्यक्रम का शुभारंभ नवकार मंत्र के साथ हुआ उसके पश्चात गोठी स्कूल की छात्राओं ने स्वागत गीत पर सेमी क्लासिकल नृत्य, राजस्थानी घूमर एवं सामूहिक नृत्य की प्रस्तुति दी।

साप्ताहिक वर्द्धमान News
Digital Edition शिक्षा का उजियारा
Education is the most
Powerful weapon which you
Can use to change the world
ब्यावर
30 जून 2025, सोमवार


# अरे वाह! ब्यावर में ऐसा केम्पस...







बेटी प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम को लेकर ब्यावर शहर, जिले एवं निकटवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों की प्रतिभावान छात्राओं ने भारी उत्साह नजर आया इस अवसर पर आगंतुक छात्राओं एवं उनके अभिभावकों ने समिति द्वारा संचालित वर्द्धमान गर्ल्स कॉलेज परिसर का अवलोकन किया। जिले भर की ग्रामीण क्षेत्र से आई छात्राएं वर्द्धमान केम्पस देखकर आश्चर्य चकित रह गई कि यहां महानगरों जैसी आधुनिक सुविधाओं से युक्त परिसर में वातानुकूलित क्लास रूम, हाईटेक लाइब्रेरी, नई तकनीकी सुविधाओं वाली साइंस लेब, मॉर्डन होम साइंस लेब, बहुमंजिला बिल्डिंग में आने जाने हेतु लिफ्ट की सुविधा, हरियाली से आच्छादित परिसर है ऐसे वातावरण में यहां पढ़ाई करने वाली छात्राओं को निश्चित तौर पर उन्हें पढ़ाई के लिए एक अच्छा माहौल मिल सकेगा। समिति द्वारा संचालित भंवरलाल गोठी पब्लिक सीनियर सेकंडरी स्कूल एवं श्री नृसिंह अग्रसेन जैन विद्यापीठ की शैक्षणिक गतिविधियों एवं यहां के पूर्व प्रतिभावान छात्र-छात्राओं के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।



